कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax &☎ 05964- 225234

पत्रॉक 2224 / दिनांक, पिथौरागढ़, 19 दिसम्बर, 2020।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अस्कोट, पिथौरागढ़।

विषयः– **नारायण आश्रम से पस्ती जयकोट मोटर मार्ग प्रस्ताव सं0** FP/UK/ROAD/12982/2015 **में ऑनलाईन माध्यम से लगाई गयी आपत्तियों के निराकरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **आपका पत्रांक 1884/13सी दिनांक 25–11–2020।**

उक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा लगाई गयी कतिपय आपत्तियों के निराकरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव आपके स्तर पर दिनांक 04–02–2020 को प्रेषित किया गया था। परन्तु आपके द्वारा उक्त प्रस्ताव पर लगी आपत्तियों का पूर्ण निराकरण किये बिना ही प्रस्ताव ऑनलाईन दिनांक 11–12–2020 को इस कार्यालय को प्रेषित किया गया। प्रायः यह दृष्टिगत है कि आपके स्तर से विभिन्न मोटर मार्ग प्रस्तावों (हार्ड कापी) को तैयार किये जाने व ऑनलाईन किये जाने के दौरान बरती जा रही लापरवाही यथा मलवा निस्तारण की योजना का पूर्ण न होना, ऑन–लाईन पार्ट 1 व हार्ड कॉपी में संलग्न प्रपत्रों में भरी गयी जानकारियों में भिन्नता पाया जाना, हवाई दूरी का प्रमाण–पत्र न पाया जाना, वैकल्पिक समरेखण को औपचारिक मात्र दिखाना आदि के कारण प्रस्तावों को भारत सरकार द्वारा प्रायः आपत्तियों के साथ लौटाया जा रहा है, जिससें मोटर मार्गों में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त होने में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः उक्त के आलोक में आपको सूचित किया जाता है कि वन भूमि हस्तान्तरण के प्रस्तावों को पूर्णतः जांच कर एवं भारत सरकार द्वारा प्रायः लगाई जा रही आपत्तियों का पूर्ण निराकरण करने के उपरान्त ही इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।